भगवत्पादश्रीमदादिशङ्कराचार्यविरचिता

# सौन्दर्य-लहरी

सदानन्द ब्रह्मचारी

भगवत्पादश्रीमदादिशङ्कराचार्यविरचिता

# सौन्दर्य-लहरी

तारा प्रिंटिंग वर्क्स,

Library

भगवत्पादश्रीमदादिशङ्कराचार्यविरचिता

# सौन्दर्य-लहरी

संस्कृत-हिन्दी-गुजराती-अंग्रेजीभावार्थ,प्रयोगयन्त्र

तथा पूजा-अनुष्ठानविधिसहित


व्याख्याकार:

## सदानन्द ब्रह्मचारी

सचिवः श्रीमदादिशङ्कराचार्यवर्यप्रतिष्ठापितश्रीद्वारकाशारदापीठस्य-
तत्सञ्चालितानामनेकसंस्थानाञ्च,व्यवस्थापकः मध्यप्रदेशस्य
नरसिंहपुरमण्डलान्तर्गतश्रीधामापरनामख्यातश्रीविद्यापीठमन्दिरज्योतेश्वर-
स्थितस्य परमहंसीगङ्गाआश्रमस्य, प्रतिनिधिः अनन्तश्रीविभूषित-
द्वारकाज्योतिष्पीठद्वयाधीश्वरस्य जगद्गुरोः शङ्कराचार्यस्य
श्रीस्वरूपानन्दसरस्वतीमहास्वामिनः, कार्यनिर्वाहकः गुर्जर-
प्रदेशस्य अहमदाबादनगरस्थ शाहपुरदरवाजा-
स्थितस्य अद्वैत-आश्रमस्य, निदेशकः
द्वारकाशारदापीठ सञ्चालितायाः
मासिक गुर्जरपत्रिका-
**'नवभारती'**
इत्यस्याश्च



प्रकाशक

**शारदापीठ विद्यासभा**

द्वारकाधीश संस्कृत एकेडमी एण्ड इण्डोलोजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट

**द्वारका,जामनगर,गुजरात (भारत)**

भगवत्पादश्रीमदादिशङ्कराचार्यविरचिता

# सौन्दर्य-लहरी

संस्कृत-हिन्दी-गुजराती-अंग्रेजीभावार्थ, व्याख्या, टिप्पणी,
प्रयोगयन्त्र तथा पूजा-अनुष्ठानविधिसहित

व्याख्याकार

**सदानन्द ब्रह्मचारी**

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

प्रथम संस्करण
प्रयाग महाकुम्भ 2057 वि.
**मूल्य 200 रूपये**

प्रकाशक
**शारदापीठ विद्यासभा**
द्वारकाधीश संस्कृत एकेडमी एण्ड इण्डोलोजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट
द्वारका, जामनगर, गुजरात

मुद्रक
**श्रीमाता कम्प्यूसिस प्रा.लि.**
बी.4/60हनुमानघाट वाराणसी-21001
दूरभाष-0542-275272,275274
e-mail - info@shrimata.com

SAUNDARYA LAHARI of Adi Shankaracharya
Commentary/Translation/Notes/Prayoga/Yantra and Illutrations By
SADANAND BRAHMACHARI

Bhagavatpada Śrīmadādi Śaṅkarāchārya virachita

# Saundarya-Lahari

**contains with its comprehended meaning in sanskrit-Hindi-Gujrati-English-Prayoga-Yantra and the systamatic procedure of worship and ritual rites**


## ILLUSTRATOR

## SADANAND BRAHMACHARI

Secretory of Śrimadādi Śhaṅkrāchārya pratishthāpita
Śri Śri Dwārka Shārda Pītha & its Allied Institution.
Manager of Śri Vidyā Pītha situated at Paramahansi Gaṅgā
Ashram in Jhoteshwer Narsinghpur Madhya Pradesh.
Representative of Dwarka and Jyotishpithadhishwar
Ananta Sri Vibhushit Jagatguru Śaṅkarāchārya
Śri Swāmi Swarūpānand Saraswatī maharaj.
Executor of Advaita Āshram situated at Shahpur
Darwaja, Ahmadabad, Gujrat.
Director of Navabhārati, Gurjarati Monthly Magazine.


Published by Dwārka Shārda Pītha.

**Publisher**

## Sharadapeeth Vidya Sabha

**Dwarakadheesha Sanskrit Academy & Indological Research Institute, Dwarka, Jamnagar, Gujrat (India)**

Bhagavatpad Srimadadi Shankaracharya Virachita

# Saundarya Lahari

**Contains with its comprehended meaning in Sanskrit-Hindi-Gujarati-English, Prayoga Tantra and The Systamatic Procedure of Worhip & Ritual's Rites.**

**ILLUSTRATOR**

**Sadanand Brahmachari**

© Publisher

I[st] Edition
Prayag Mahakumbh 2057
**Prize 200 Rs.**

Publisher
**Sharadapeeth Vidyasabha**
Dwarkadheesh Sanskrit Achadany & indological Research Institute
Dwarka, Jamnagar, Gujrat

Printed by
**Shrimata Compusys Pvt. Ltd.**
B. 4/60, Hanuman, Varanasi-221 001
Ph.: 0542-275272, 275274
e-mail - info@shrimata.com

SAUNDARYA LAHARI of Adi Shankaracharya
Commentary/Translation/Notes/Prayoga/Yantra and Illutrations By
SADANAND BRAHMACHARI

सौन्दर्यलहरी के रचयिता
श्रीमदादि शङ्कराचार्य भगवत्पाद

**या क्रिया समभिहारतस्त्रिधा दीक्षितस्य गुरुभावनाधिका ।**
**सा विभेदलयभावनाधिका लभ्यतां परशिवैक्य सिद्धये ॥**

साधक की बुद्धि से भेदभाव को मिटानेवाली,शिष्य के मन में रहने वाली श्रेष्ठगुरुभावनामयी, अद्वैतज्ञानप्रदायिका ऐसी त्रिगुणात्मिका होकर भी एकस्वरूपा अद्वैतप्रदायिनी क्रिया शिष्यकल्याणकरी हो ।

# आभार प्रदर्शन

भगवत्पाद आदिशङ्कराचार्यवर्य ने सौन्दर्यलहरी नामक गूढ़तम शास्त्र की रचना कर साधकों पर जो उपकार किया है उसके लिए उनका आभार सम्भव नहीं है । वह गुरुऋण स्वाध्याय-प्रवचनादि के द्वारा अपाकरणीय है ।

साथ ही साधकों को शान्ति-दान्ति और सिद्धि देने वाले इस महान् स्तोत्र की व्याख्या करने वाले भी निश्चय ही महानतम व्यक्तित्व के संधारक रहे हैं । प्रस्तुत व्याख्यान में भगवत्पाद की परम्परा की दो-दो पीठों के संधारक आचार्यश्री की कृपावर्षास्नात शिष्य ब्रह्मचारी श्री सदानन्द जी ने अनेक व्याख्याकारों के भावों का ही यथावसर आलम्बन लिया है । अत: हम उन सभी व्याख्याकारों, चिन्तकों और लेखकों के आभारी हैं जिन्होंने सौन्दर्य-लहरी पर कुछ भी कार्य किया है । इस सन्दर्भ में ब्रह्मचारी जी का कहना है - "**इस व्याख्यान में मेरा कुछ भी नहीं है सब पूर्व-पूर्वकृत व्याख्याकारों तथा विद्वानों का है ।**"

उन समस्त विद्वानों, प्रकाशन-संस्थाओं का हम आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने सौन्दर्य-लहरी को अपने भावों से भरकर जनसामान्य के समक्ष रखा है । विशेषकर नाग पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित और श्री ए. कुप्पुस्वामी द्वारा सम्पादित १० टीका सम्वलित सौन्दर्य-लहरी से जिनका कि अंग्रेजी भावानुवाद हमने यथावत साभार लिया है तथा श्री श्री १००८ बाबा मोतीलाल जी महाराज कृत '**सार्थ सौन्दर्यलहरी**' से हमने अनेक स्थल यथावत् तथा अनेक स्थलों पर पूज्य बाबा की लेखनी के आलोक का साहाय्य लिया है, अत: पूज्य बाबा के प्रति आभार मात्र न प्रकट कर यह कहना होगा कि उनकी साधक कल्याण कामनारूपी भावना को ही ब्रह्मचारी जी ने आगे बढ़ाया है ।

ब्रह्मचारी जी ने एतद्तिरिक्त पं० लक्ष्मीधर देशिक की टीका, जगद्विजयी श्रीराम कवि की डिम-डिम व्याख्या, स्वामी कैवल्याश्रम जी की टीका, स्वामी अच्युतानन्द जी की टीका, श्री १०८ स्वामी विष्णुतीर्थ जी महाराज की टीका, रामकृष्ण मठ मद्रास द्वारा प्रकाशित स्वामी तपस्यानन्द जी की टीका, पं० गोपीनाथ कविराज जी की टीका, श्रीवत्स भचेच स्मारक प्रतिष्ठान द्वारा प्रकाशित टीका आदि सौन्दर्य-लहरी की अनेक टीकाओं तथा श्रीविद्यासाधना के मूल

निदेशक अनेक ग्रन्थों, त्रिपुरार्णवतन्त्र, परमानन्दतन्त्र, त्रिपुरा रहस्यम्, नित्याषोडशिकार्णव, श्रीविद्यार्णव आदि अनेक ग्रन्थों का परिशीलन कर इनसे प्राप्त सामग्री का ही उपयोग कर इस व्याख्या को मूर्त रूप दिया है ।

इन समस्त कृतियों और कृतिकारों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए हम उनका आधमर्ण्य व्यक्त करते हैं तथा पूज्यपाद ज्योतिष् एवं द्वारकाशारदापीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज के श्री चरणों में विनयप्रणति द्वारा अपनी कृतज्ञता भी, जिनके श्रीचरणसंश्रयण से श्रीविद्या मिली हैं ।

ग्रन्थ के प्रणयन में अनेक सज्जनों तथा साधकों का सहयोग मिला है, इसे भुलाया नहीं जा सकता है । परन्तु उनके द्वारा नामोल्लेख न करने का आग्रह उनके प्रति हमारे भाव को और भी पुष्ट करता है,एतावता हम उनके आग्रह को स्वीकार कर हृदय से उनके सर्वविध अभ्युदय की कामना करते हैं । श्रीमाता कम्प्यूसिस प्रा. लि. वाराणसी की निदेशक सुश्री सरला पाण्डेय का स्मरण भी इस अवसर पर अपरिहार्य है जिन्होंने अल्पीयान् काल में ही ग्रन्थ को मुद्रित कर दिखाया ।

अन्त में सभी के प्रति अपने आत्मीय भाव अर्पित करते हुये निवेदन है कि ग्रन्थ में रह गयी त्रुटियों का निर्देश अवश्य करें जिससे आगमी संस्करणों में सुधार सम्भव हो सके । पाठकों की प्रतिक्रिया भी अपेक्षित है ।

**आनन्दस्वरूप ब्रह्मचारी**

सम्पादक

---

श्रीविद्यामठ

केदारघाट, वाराणसी-२२१००१

**पूज्यपाद ज्योतिष् एवं द्वारकाशारदापीठाधीश्वर**
**जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज**

**स्वप्रकाशशिवमूर्तिरेकिका, तद्विमर्शतनुरेकिका तयोः ।**
**सामरस्य वपुरिष्यते परा, पादुका परशिवात्मनो गुरोः ॥**

(चिद्विलास)

शिवनाम से जानी जाने वाली स्वप्रकाशरूपमूर्ति तथा शक्तिनामिका उसी की विमर्शरूप दूसरी मूर्ति, इन्हीं दोनों का सामरस्य पराशक्ति है जिसका परशिवात्मक सद्गुरु की पादुका के ध्यान से स्मरण होता है ।

# श्रीविद्या

## उपासना, स्वरूप एवं विमर्श

जगज्जननीसूनुः
**सदानन्द ब्रह्मचारी**
श्री शारदापीठ, द्वारका

## भूमिका



'शक्ति'शब्द शक् धातु से स्त्रीलिङ्ग क्तिन् प्रत्यय करने पर निष्पन्न होता है, जिसके अर्थ हैं- सामर्थ्य, अर्थबोधकता, देवी किंवा स्त्रीदेवता आदि । संस्कृत साहित्य के प्रसिद्ध शब्दकोश 'वाचस्पत्यम् ' में इस शब्द की व्याख्या कुल १४९ पंक्तियों में की गय। है क्योंकि इसकी महत्ता प्राग्वैदिक काल से ही स्वत: प्रमाणित है। ऋग्वेद काल में सूर्य के साथ उषस् ,वरुण के साथ वरुणानी, इन्द्र की इन्द्राणी व यम के साथ यमी आदि की उपासना शक्ति के महत्त्व के जाज्ज्वल्यमान प्रमाण हैं । यथा -**सूर्यो देवीमुषसं रोचमानां मर्यो न योषामभ्येति पश्चात्** .... इत्यादि । कालान्तर में इसी परम्परा के अनुरूप शिव-पार्वती, विष्णु-लक्ष्मी, ब्रह्मा-सरस्वती, राधा-कृष्ण, राम-सीता, प्रकृति पुरुष, माया-ब्रह्म तथा शची-पुरन्दर प्रभृति युग्मों की आराधनाएं भारतीय-चिन्तन-पद्धति में शक्ति की उपासनागत महत्ता को प्रतिपादित करती रही हैं। तत्पश्चात् ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद्, भाष्य, सूत्र वार्तिक, पुराणोपपुराण, टीका, वृत्ति, प्रटीका एवं उपवृत्ति वाङ्मय की श्रृंखला में शक्ति के बिना कहीं कुछ भी वर्णित नहीं है। यहां तक कि समुद्र-मन्थन के चतुर्दश रत्नों में भी रम्भा, लक्ष्मी व कामधेनु का स्थान सर्वोपरि स्वीकृत रहा है, क्योंकि शक्ति व शक्तिमान् का परस्पर न केवल समवाय सम्बन्ध है प्रत्युत् शक्ति शक्तिमानों की शारीरिक शक्ति के दुरुपयोग को बौद्धिक रूप धारणकर रोकती भी है । यही कारण है कि अमृत के विभाजन में उपस्थित देवासुर-संग्राम को जब रोकना हुआ, तो सारे त्रैलाक्य को अपने तीन डग से नापने में समर्थ व्यापक भगवान् विष्णु को भी शक्ति किंवा स्त्रीरूप ही धारण करना पड़ा ।

शक्ति वह तत्त्व है, जिसकी आराधना में शिव व विरञ्चि को उसका अनुगामी और ब्रह्मा के मानस-पुत्र महर्षि नारद को विद्रूप तक हो जाना पड़ता है । भगवान् के सभी रूप ईश्वर के अवतार हैं, किन्तु षोडश कलाधारी आनन्दकन्द श्रीकृष्णचन्द्र स्वयं भगवान् हैं - **कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्** । किन्तु उन्हें भी पूर्णता के लिए राधारूप धारण करन। पड़ता है। तन्त्र राजतन्त्र

में कहा गया है कि पराशक्ति ललितादेवी कभी पुरुष मूर्ति धारण करती हैं और कभी रमणीरूप। जब वे पुरुषरूप धारण करती हैं, तो निखिलरसामृतमूर्ति श्रीकृष्णस्वरूप में प्रकट होकर वंशीनाद से जगद् को विमोहित कर लेती हैं ; यथा-

**काचिदाद्या ललिता वै पुंरूपा कृष्णविग्रहा ।वंशीनादसमारम्भादकरोत् विवशं जगत् ।।**

परम पावनी भगवती ललिताम्बा व विपिनबिहारी भक्तजनार्तिहारी भवभयहारी बनवारी की शक्ति के साथ पारस्परिक अभिन्नताविषयक कारण यह है कि प्राय: उपासना पद्धति में जप समर्पण के सामान्य नियम के अनुसार स्त्रीदेवता का जप समर्पण वामहस्त में और पुरुष देवता का दक्षिण हस्त में होता है किन्तु ललिताम्बा का जपसमर्पण दक्षिणहस्त में ही होता है। इसके साथ-साथ ज्ञान व भक्ति के आपसी समन्वय को लक्ष्य में रखकर शास्त्र में कहा गया है कि-

**अद्वैतज्ञानोत्पत्तेरनन्तरं या भक्तिरुदिता भवति सा निर्व्याजाऽहैतुकी भक्तिरेवाऽद्वैतभक्तिरिति कथ्यते ।**

शाक्तदर्शन के अनुसार एतादृशी भक्ति को ही लक्ष्य में रखकर कहा गया है कि-

**आत्मारामाश्च मुनयो निर्ग्रन्थाप्युरुक्रमे । कुर्वन्त्यहैतुकीं भक्तिमित्थम्भूतगुणो हरिः।।**

(श्रीमद्भागवत महापुराण १/७/१०)

बोधसार में विद्वद्धुरीण नरहरि जी ने भी कहा है कि-

**द्वैतं मोहाय बोधात् प्राक् प्राप्ते बोधे मनीषया ।भक्त्यर्थं कल्पितं द्वैतमद्वैतादपि सुन्दरम्।**
**जाते समरसानन्दे द्वैतमप्यमृतोपमम् । मित्रयोरिव दम्पत्योर्जीवात्मपरमात्मनोः ।।**

(३२/४२-४३)

यद्यपि काश्मीरी शैवागमोक्त प्रत्यभिज्ञादर्शन (त्रिक्सिद्धान्तसम्बद्ध) और त्रिपुरामतोपासना पद्धति की दृष्टि से दोनों उपासनाएं पृथक्-पृथक् हैं, फिर भी तात्त्विक दृष्टिकोण से परिणाम रूप में दोनों में कोई भेद नहीं है । यही कारण है कि त्रिपुरासिद्धान्त सम्बन्धी ग्रन्थों की रचना के समय प्राचीन विद्वानों ने शिवसूत्र, प्रत्यभिज्ञादर्शन, हृदयेश्वर प्रत्यभिज्ञानविमर्शिनी और तन्त्रालोक आदि ग्रन्थों को प्रमाणस्वरूप स्वीकार किया है तथा उत्पलदेव क्षेमराज, अभिनवगुप्त व महेश्वरानन्द आदि शैवाचार्यों ने प्रयोजनानुसार योगिनीहृदय, कामकलाविलास और त्रिपुरसुन्दरी मन्दिर प्रभृति ग्रन्थों से प्रमाण उद्धृत किया है ।

जहां तक भगवती त्रिपुरसुन्दरी और ललितादेवी के स्वरूप वर्णन का प्रश्न है, उस सन्दर्भ में यह कहा जा सकता है कि शैवागम में तत्त्वातीत परमसत्ता ही शिव नाम से कही गयी है और त्रिपुरसुन्दरी मत में भगवती ललिताम्बा । जिस प्रकार प्रत्यभिज्ञानदर्शन में शिवतत्त्व व शक्तितत्त्व स्वीकृत हैं, उसी प्रकार त्रिपुरा मत में कामेश्वर और कामेश्वरी तथा गौड़ीय वैष्णवमत में श्रीकृष्ण-

राधा मान्य है । दर्शनशास्त्र में कामेश्वर और कामेश्वरी की साम्यावस्था किंवा सामरस्य त्रिपुरसुन्दरी के नामसे विख्यात है। भगवती त्रिपुरा सर्वाधिष्ठानरूपा, सत्यस्वरूपा, समरसा, सच्चिदानन्दमयी तथा समानाधिकवर्जिता हैं । ये सर्ववेदान्तभूमि, निरतिशय सौन्दर्यमूर्ति एवं निखिल सौन्दर्याधार हैं । इसीलिए इनके बारे में श्रीमदाद्यशङ्कराचार्य जी महाराज ने सौन्दर्यलहरी में कहा है कि-

**त्वदीयं सौन्दर्यं तुहिनगिरिकन्ये तुलयितुं, कवीन्द्राः कल्पन्ते कथमपि विरञ्चिप्रभृतयः ।**
**यदालोक्यौत्सुक्यादमरललना यान्तिमनसा, तपोभिर्दुष्प्रापामपि गिरिशसायुज्यपदवीम्।।**

अर्थात् हे नगराज हिमालय की कन्या ! तुम्हारे सौन्दर्यवर्णन में ब्रह्मादि मनीषी असमर्थ हैं। समुत्सुकचित्त देवकन्याएं आपके अलोकसामान्य सौन्दर्य को देखकर कष्टसाध्य व दुष्प्राप्य शिव सायुज्यमुक्ति को प्राप्त करती हैं।

भगवान् शङ्कराचार्य जी महाराज का कहना है कि भगवान् विष्णु ने भगवती ललिताम्बा के स्वल्प सौन्दर्य को ही ग्रहणकर अपना मोहिनीरूप बनाया था, जिसपर भगवान् शंकर भी मुग्ध हो गये थे । इनके कृपाकटाक्ष से मदन जितेन्द्रियों का चित्त भी हर लेता है, यथा-

**हरिस्तामाराध्य प्रणतजनसौभाग्य जननीं, पुरा नारी भूत्वा पुररिपुमपि क्षोभमनयत् ।**
**स्मरोऽपि त्वां नत्वा रतिनयन लेह्येन वपुषा, मुनीनामप्यन्तःप्रभवति हि मोहाय महताम्।**

जगज्जननी राजराजेश्वरी त्रिपुरसुन्दरी की उपासना षोडशकलान्वित भगवान् कलाधर के रूप में की जाती है; क्योंकि उनकी षोडश कलाएं नित्य हैं । इसलिए भगवती को नित्याषोडशिका भी कहा गया है । चन्द्रमा की प्रथम पञ्चदश कलाओं में ह्रास-वृद्धि की स्थितियां होती रहती हैं किन्तु षोडशी में उदय-ह्रास प्रभृति की स्थितियां नहीं होतीं । यही कारण है कि उसे अमृत-कला कहते हैं । कहना न होगा कि इन्हें वैयाकरणों की पश्यन्ती, दार्शनिकों की आत्मा व मंत्रशास्त्र का मन्त्रस्वरूप देवता कहा जाता है । भगवती ललिताम्बारूपिणी षोडशीकला नित्योदिता, अमृतरूपा, अखण्डा, ललिता, सौन्दर्यधाम, महात्रिपुरसुन्दरी, परकला, चिदेकरसा व श्रीविद्या के नाम से जानी जाती हैं । ये नित्यज्योतिर्मय सहस्रदलकमलकर्णिकास्थनित्यकलायुक्त श्रीचक्रात्मक चन्द्रबिम्बरूपा हैं । इनके विषय में 'सुभगोदय' में कहा गया है -

**षोडशी तु कला ज्ञेया सच्चिदानन्दरूपिणी ।**

यह वह भगवती हैं, जिनकी अहैतुकी भक्ति आत्माराम अविद्याग्रन्थिशून्य ऋषिगण भी करते हैं । कहना न होगा कि श्रीहरि का भी ऐसा ही सर्वाकर्षी स्वभाव है। बोधसारकार के अनुसार तो ज्ञानोदय के पूर्व द्वैतभाव मोह के लिए होता है, किन्तु ज्ञानोदय के बाद भक्ति के लिए जिस द्वैतभाव का उदय होता है, वह अद्वैतापेक्षा भी सुन्दर है। इसी प्रकार जीव व ब्रह्म के एकरसाविर्भाव की स्थिति में भक्ति के उद्देश्य से जीव व परमात्मा के मध्य जिस पार्थक्य की कल्पना होती है, वह मुक्तिसुख की भाँति सुख की अनुभूति कराती हैं । ठीक वैसे ही जैसे परस्पर

प्रेमाकृष्ट दम्पत्ति का पार्थक्य परस्पर सुख का कारण बनता है ।

श्रीविद्या १० महाविद्याओं में प्रमुख है। इसकी साधना से ऐहिक किंवा आमुष्मिक मंगल फल की प्राप्ति होती है । इनके जिन प्रमुख द्वादश उपासकों की चर्चा शास्त्र में है,उनके नाम हैं-

**मनुश्चन्द्रः कुबेरश्च लोपामुद्रा च मन्मथः।अगस्तिरग्निः सूर्यश्च इन्द्रः स्कन्दःशिवस्तथा।।**
**क्रोधभट्टारको देव्या द्वादशामी उपासकाः ।।**

इनकी उपासना के प्रमुख ग्रन्थों की शृङ्खला में परशुराम कल्पसूत्र, बिन्दुसूत्र, तन्त्रराज त्रिपुरा रहस्य, नित्यहृदय, वामकेश्वर तन्त्र व सौभाग्य रत्नाकर आदि के नाम हैं । इसके अतिरिक्त कामकलाविलास, कामराजविद्या, लोपामुद्राविद्या, अगस्त्यप्रणीतशिवसूत्र, दुर्वासा प्रणीत त्रिपुरामहिम्नस्तोत्र, ललितास्तवरत्न तथा दत्तात्रेयकृतदत्तसंहिता आदि भी इसी परम्परा के प्रतिनिधि ग्रन्थ हैं ।

भारतीय संस्कृति की परम्परा में श्रीविद्या उपासकों की जो नामावली स्वीकृत है, उनमें सुभगोदय एवं श्रीविद्यारत्नसूत्र के प्रणेता श्री गौड़पादाचार्य का नाम सर्वोपरि है । तत्पश्चात् भगवानाद्यशङ्कराचार्य का नाम है जिन्होंने सौन्दर्यलहरी और आनन्दलहरी की रचना की जिस पर आज ललितात्रिशतीभाष्य भी सुलभ है। भगवानाद्यशङ्कराचार्य ने जिन चार पीठों की स्थापना की, उन सबमें श्रीविद्या की उपासना अविच्छिन्नतः चल रही है। कहते है कि **श्रीविद्यायंत्र** की स्थापना स्वयं उन्होंने ने ही की थी । इसके बाद इस उपासना शृङ्खला में पुण्यानन्दनाथ, अमृतानन्दनाथ व उन भास्कर राय का नाम रेखांकित किये जाने के योग्य है जिनकी कृतियों के नाम हैं-- वरिवस्या रहस्यम् , सौभाग्यभास्करः, ललितासहस्रनामभाष्यम् , सेतुबन्धः, गुप्तवती (श्रीचण्डी टीका) और कौलत्रिपुरा (कौलभाव की टीका) प्रभृति ।

आगे चलकर भास्करराय के शिष्य उमानन्दनाथ ने नित्योत्सवपद्धति और प्रशिष्य रामेश्वर सूरि ने परशुकल्पसूत्र की सौभाग्यसुधोदय नाम्नी टीका की। इस प्रकार त्रिपुरोपनिषद् और त्रिपुरातापनीयोपनिषद् आदि ग्रन्थों के विपुल वाङ्मय व समाज पर उनके प्रभाव तथा उनकी उपलब्धियों को देखते हुए तदाभ्यन्तरीय गूढरहस्य और तद्विस्तार का अनुभव सहज ही किया जा सकता है । आज देश के चारों पीठों के सार्द्धद्वयसहस्रवर्षीय शाङ्करपरम्परा में भगवती की अक्षुण्ण उपासना देवी की लोकप्रियसाधना का देदीप्यमान प्रमाण है; क्योंकि -

**अस्माकं क्षेमलाभाय जागर्ति जगदम्बिका ।**

विलक्षणस्वरूपा त्रिपुरसुन्दरी के उपासकों में भगवान् परशुराम अत्यन्त प्रमुख हैं । उनके सन्दर्भ में एक कथा प्रचलित है कि त्रेतायुग में दाशरिथ राम से जनक द्वारा आयोजित सीतास्वयंवर के अन्तर्गत पराजित परशुराम लज्जित व उदास हो गये । उस समय संवर्त नामक ऋषि ने उन्हें परमार्थतत्त्व का उपदेश देकर उन्हें शोक मुक्त किया, किन्तु उस समय परशुराम

जी को संवर्तोपदेश का पूर्ण अर्थबोध न हो सका । अत: बाद में वे उस उपदेश के रहस्य को समझने के लिए गुरु दत्तात्रेय के पास गये तथा दत्तात्रेय ने उन्हें संवर्तोपदेशरहस्य को व्याख्यायित कर व्यवस्थित रीति से समझाया । तदनुसार देवी त्रिपुरा सभी की हृदयाकाश स्वरूपा हैं तथापि वह अपने अनन्यशरण भक्त के लिए शीघ्र ही मूर्तिमती हो जाती हैं और उसके अन्त:करण में आविर्भूत होकर उसे मृत्युपाश से मुक्त कर देती हैं ; यथा-

**स्वात्मानमारोहन्ति पदे परमपावने । सा देवी त्रिपुरा सर्वहृदयाकाशरूपिणी ।।**
**अनन्यशरणं भक्तं प्रत्येवंरूपिणी द्रुतम् । हृदयान्त:परिणता मोचयेन्मृत्युजालत: ।।**

(त्रिपुरा रहस्य, ज्ञानखण्ड २/३२-३३)

भगवती का स्वरूपाङ्कन करते हुए इसी ग्रन्थ के २/७०-७१ में बताया गया है कि आराधना करने पर महादेवी त्रिपुरा प्रसन्न होकर विचार रूप में परिणत हो सूर्य के समान हृदयाकाश में प्रकट हो जाती हैं । वे आत्मस्वरूपा, सर्वान्तरयामिनी, महदैश्वर्यशालिनी, चिन्मयी और कल्याणरूपिणी हैं ; यथा -

**राधिता परमा देवी सम्यक् तुष्टा सती तदा। विचाररूपतां याति चित्ताकाशे रविर्यथा।**
**तस्मान्निजातरूपां तां त्रिपुरां परमेश्वरीम् ।सर्वान्तरनिकेतां श्रीमहेशीं चिन्मयीं शिवाम् ।।**

भगवान् श्रीमदाद्यशङ्कराचार्य जी महाराज ने श्रीविद्यातंत्र का परिचय देते हुए कहा है कि-

**चतुष्षष्ट्या तन्त्रैः सकलमतिसन्धाय भुवनं स्थितस्ततत्सिद्धि प्रसवपरतन्त्रैः पशुपतिः ।**
**पुनस्त्वन्निर्बन्धादखिलपुरुषार्थैक घटना स्वतन्त्रं ते तन्त्रं क्षितितलमवातीतरदिदम् ।।**

(सौन्दर्यलहरी श्लोक -३१)

अर्थात्

**६४ तन्त्र सिद्धियों को परतन्त्र बनाकर पशुपति ने जैसे धरती को ठग डाला था।**
**हठ तेरे ही एक सकल पुरुषार्थ योजना तंत्र स्वतंत्र तुम्हारा यह धरती पर लाया था ।**

इसकी महिमा पर दृष्टिपात करते हुए किसी विद्वान् ने कहा है कि-

**अणिमा आदि देह की किरणों से आपूरित ध्याता तुझको सदा स्वयं एकात्मभाव जो ।**
**तृण-सा तीन नेत्र वैभव, न कोई विस्मय।महा प्रलय की अग्नि आरती उसकी करती ।।**

भगवती की आराधना साधकजन कैसे करते हैं, इस पर सौन्दर्यलहरीकार कहते हैं कि -

**शिव: शक्ति:काम:क्षितिरथ रवि:शीतकिरणः स्मरो हंसः शक्रस्तदनु च परामारहरयः।**
**अमी हल्लेखाभिस्तिसृभिरवसानेषु घटिता:भजन्ते वर्णास्ते तव जननि नामावयवताम् ।।**

(सौन्दर्यलहरी श्लोक -३२)

प्राय: ऐसा देखा जाता है कि जहां भोग है, वहां मोक्ष नहीं है । और जहां मोक्ष है, वहां भोग नहीं है, किन्तु पञ्चदशाक्षरी की आराधना से उपासक को भोग व मोक्ष दोनों करतलआमलक

की भाँति होते हैं । यथा -

**यत्रास्ति भोगो न च तत्र मोक्षः,यत्रास्ति मोक्षो न च तत्र भोगः ।**
**श्रीसुन्दरीसाधनतत्पराणां, भोगश्च मोक्षश्च करस्थ एव ।।**

श्रीविद्या की उपासना के लिए जिस महत्त्वपूर्ण मन्त्र का शास्त्रों में विधान है, उसे पञ्चदशाक्षरी कहते हैं । स्पष्ट ही है कि इस मन्त्र में कुल १५ अक्षरों का समावेश होता है । इन १५ वर्णों में सभी के अलग-अलग अर्थ हैं और इनकी तन्त्रविद्या में व्यवस्थित व्याख्याएं भी की गई हैं जिनके लोक व परलोक के साथ बहुविध सम्बन्ध हैं । पञ्चदशाक्षरी के गुह्यातिगुह्य विषयों को अध्यात्मविद्या की पराकाष्ठा कहा जा सकता है - **सा काष्ठा सा परागतिः ।**

इस मन्त्र के आरम्भ में हकार है, एतावता इसे हादि विद्या कहते हैं; जिनकी उपासना से भक्त में शान्ति आती है, सौभाग्य का उदय होता है, वह ब्राह्मी स्थिति को प्राप्त होता है तथा अन्त में सायुज्य की प्राप्ति करता है। इससे कवित्व की सिद्धि, व्यक्ति में कलाओं का आगम, शारीरिक स्वास्थ्य की उपलब्धि, निर्भयता, सर्वसाध्यता एवं सात्त्विकवाक् की प्राप्ति होती है। यह कामकला का बीज, शक्ति का केन्द्र, अर्धनारीश्वर का साक्षात् रूप, त्रैगुण्य का समन्वय, परमसत्ता का आधान, कोमलता का प्रतीक तथा करुणा का सागर है और साथ ही तीर्थीकुर्वन्ति तीर्थानि भी है । इनके प्रभाव को मात्र निम्नांकित पंक्तियों से समझा जा सकता है -

**अरालं ते पालीयुगलनगराजन्य तनये न केषामाधत्ते कुसुमशरकोदण्डकुतुकम् ।**
**तिरश्चीनो यत्र श्रवणपथमुल्लङ्घ्य विलसन्नपाङ्गव्यासङ्गो दिशति शरसन्धानधिषणाम् ।।**

सौन्दर्यलहरी में न केवल महाशक्ति का साङ्गोपाङ्ग वर्णन है प्रत्युत् उनके आर्शीवचन, पूजापद्धति, पूजा के महत्त्व, उनके शृङ्गार, समर्पण, अभ्यर्थना, प्रार्थना, महासतीत्व, पर्यङ्क, हृदयचक्र, विशुद्धिचक्र, सर्वव्यापकता, परमानन्द समता, श्रीचक्र, अन्वयभूमिका, मोहिनीरूपध्यान,सर्वसाध्यता,अनन्तता, मूलाधारचक्र, मणिपूरचक्र, आज्ञाचक्र, सर्वाधिष्ठानचक्र और सहस्रार-कमल का भी सविस्तार वर्णन किया गया है । सौन्दर्य लहरी के श्लोक ४२ से १०० तक देवी के मुकुट, अलक, सीमन्त, ललाट, भ्रू, नेत्र, कर्ण, मुख, नासिका, ग्रीवा चिबुक व चिकुर प्रभृति का व्यवस्थित चिन्तन किया गया है । एतदतिरिक्त शक्ति की उपासना के अनेक प्रामाणिक एवं प्रतिष्ठित ग्रन्थों में भगवती के स्वरूप, कार्य, पराक्रम, आभूषण, व्याप्ति, अस्त्र-शस्त्र, मित्र-शत्रु, तथा उनके परिवेश आदि का सुन्दर चित्रण किया गया है, जैसे- देवीभागवत एवं चिद्विलास इत्यादि।

ध्यातव्य है कि चिद्विलास श्रीविद्यारहस्य निरूपण का अप्रतिम ग्रन्थ है, जिसकी पश्चाद्भूमिका की निम्नांकित पंक्तियां प्रकृत प्रसंग में उद्धरणीय हैं यथा-

**''सच्चिदानन्दस्वरूपिणी राजराजेश्वरी भगवती त्रिपुरसुन्दरी परतत्त्व हैं । चिद्संविद्**

**परब्रह्म उन्हीं के पर्याय हैं । तत्त्वमसि, अहं ब्रह्मास्मि आदि महावाक्यों में इन्हीं पराशक्ति का निरूपण है । उपनिषदों की प्रतिपाद्य ब्रह्मविद्या तथा ब्रह्म पृथक्-पृथक् नहीं हैं । समस्त आध्यात्मिक दर्शनों का पर्यवसान यहीं होता है । आगम शास्त्र में अनन्त तेजोराशिमयी अखिल ब्रह्माण्ड नायिका श्रीविद्या ही प्रभावरूप से विराजमान है। निगमागम का समस्त वाङ्मय इसी परब्रह्म की आराधना में संलग्न है''।**

इस ग्रन्थ के अनुसार संविद्रूपिणी पराशक्ति में अपना लय ही शक्ति की पूजा है तथा इस पराशक्ति से भिन्न समूचा मायामय संसार मिथ्या है । इस ग्रन्थ के कुल ३८ श्लोकों में मात्र चिच्छक्ति की ही सविस्तार चर्चा है । इसमें कहीं शक्तिरूपी तट को ही अद्वैतसागर की मर्यादा माना गया है, तो कहीं इस सागर में मनोमल का त्याग ही स्नान कहा गया है । कहीं इसे विश्वमोहिनी माया रूपी रात्रि स्वीकारा गया है, तो कहीं शिव को प्रकाशरूपी दिवस । इसी ग्रन्थ के एक स्थल में इन दोनों के सामरस्य को श्रीविद्या भी कहा गया है ; यथा -

**सानिशा सकललोकमोहिनी वासरः खलु सर्वबोधकः ।**
**सामरस्यमिह सन्धिरेतयोः श्रीः परैव ननु सन्ध्यदेवता ।।**
**तीर्थमद्वय सुधारसोदधेर्वारितं निविमर्शवेलया ।**
**आणवादिमलमोचनोचितं स्नानमत्रविधिना निमज्जनम् ।।**

(श्लोक ४-५)

चिद्विलासकार का मानना है कि परमार्थस्वरूप संवित् तत्त्व की महिमा से संसार के समस्त मायिक कार्यों से मुक्ति मिल जाती है और उसके पारमार्थिक रूप का बोध हो जाता है, जिससे इस दृश्यमान जगत् का मायामय चक्र उसी प्रकार विलुप्त हो जाता है जैसे प्रकाश द्वारा रज्जु का ज्ञान होने पर सर्पबुद्धि दूर हो जाती है ।

शास्त्रों में श्रीविद्या और इसकी दीक्षा का बहुत महत्त्व बताया गया है । एतदनुसार गुरुगम्य यह गुह्य तत्त्व सुयोग्य को ही देय है । इस सन्दर्भ में ये पंक्तियाँ निश्चप्रचरूपेण उद्धरणीय हैं -

**अतिप्रियतमं देयं सुतदाराधनादिकम् । राज्यं देयं शिरो देयं न देया पञ्चदशाक्षरी ।।**

इसी प्रकार ब्रह्माण्डपुराण के अंशभूत ललितासहस्रनाम (ललितोपाख्यान) में भी श्रीविद्या और श्रीचक्र का महत्त्व प्रतिपादित है तथा त्रिशती, त्रिपुरारहस्य, ललितास्तवरत्न व त्रिपुरामहिम्नस्तोत्रम् प्रभृति भी इसी के प्रतिपादक ग्रन्थ हैं । इनके अनुसार श्रीचक्र का स्वरूप देखें -

**बिन्दुत्रिकोणवसुकोणदशारयुग्म,मन्वश्र-नागदल संयुतषोडशारम्।**
**वृत्तत्रयञ्च धरणीसदनत्रयञ्च श्रीचक्रमेतदुदितं परदेवतायाः।।**

अर्थात् श्रीचक्र ब्रह्माण्ड का प्रतीक है। इसके आविर्भाव और लय दोनों बिन्दु में माने जाते हैं । चक्र की सृष्टि अथवा विश्व या ब्रह्म की सृष्टि भी बिन्दु से ही होती है । बिन्दु ही चक्र का

मूल है और यह बिन्दु शिव व शक्ति का सामरस्य है। शिव को संहारात्मक अग्नि तथा शक्ति को सर्गात्मक सोम कहा जाता है । रवि दोनों शक्तियों का सामञ्जस्य किंवा सामरस्य है। यही बिन्दु चक्र के मध्य में है और उसके बाद त्रिकोण, अष्टकोण, अन्तर्दशार, बहिर्दशार, चतुर्दशार, अष्टदल, षोडशदल, तीनवृत्त व तीन भूपुर हैं । इस यन्त्र में कुल ४३ त्रिकोण, २८ मर्मस्थल और २४ सन्धियां होती हैं।

ललितासहस्त्रनाम की भूमिका में ब्रह्माण्ड के समान ही मानव देह में भी श्रीचक्र की भावना की गयी है । शरीर को श्रीचक्र, ब्रह्मरन्ध्र को बिन्दु चक्र, मस्तक को त्रिकोण, ललाट को अष्टकोण, भूमध्य को अन्तर्दशार, कण्ठ को बर्हिदशार, हृदय को चतुर्दशार, कुक्षि को वृत्त, नाभि को अष्टदलकमल, कटि को अष्टदल के बाहर का वृत्त , स्वाधिष्ठान को षोडशदलकमल, मूलाधार को षोडशदल कमल का बाह्यवृत्तत्रय, जानु को भूपुर की प्रथम रेखा, जंघा को द्वितीय रेखा और करों को तीसरी रेखा मानते हैं । इसीलिए श्रीचक्र को चक्रराज स्वीकार किया गया है, क्योंकि योगिनीहृदय के अनुसार अपनी देह और ब्रह्माण्ड को श्रीचक्र समझने वाला व्यक्ति महान् तपस्वी होता है । यथा -

**पिण्डब्रह्माण्डयोर्ज्ञानं श्रीचक्रस्य विशेषतः। ज्ञात्वा शम्भु फलावाप्तिर्नास्त्यस्य तपसः फलम्।।**

दस महाविद्याओं में तृतीय स्थानीय श्रीविद्या शिवशक्त्यैकरूपिणी पराभट्टारिका मानी जाती हैं, जिनके पञ्चदशी, षोडशी दीपनी और कामराज आदि अनेक भेद हैं। ज्ञानार्णव तन्त्र के अनुसार यह सर्वसिद्धिदायिनी है । इसीलिए उसमें कहा गया है -

**कामराजाख्यमन्त्रोक्ते श्रीबीजेन समन्विता । षोडशाक्षरविद्येयं श्रीविद्येति प्रकीर्तिता ।।**
**वर्णितुं नैव शक्येयं श्रीविद्या षोडशाक्षरी ।ब्रह्मविद्यास्वरूपा हि भुक्तिमुक्तिफलप्रदा ।।**

जगज्जननी, जगद्वन्द्या,त्रैलोक्यपूजिता भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुरसुन्दरी वर्णनातीत, अगम्य, अच्छेद्य एवं अभेद्य हैं । शास्त्रकारों ने इन्हें नेति-नेति के विशेषण से विभूषित किया है । इसलिए संक्षिप्ततया मैं महर्षि दुर्वासा के शब्दों द्वारा उनके पादपद्मों में अपनी बात को पूर्णता देते हुए प्रणामाञ्जलि अर्पित करता हूँ, यथा -

**वन्दे वाग्भवमैन्दवात्मसदृशं वेदादिविद्यागिरो**
**भाषादेश समुद्भवाः पशुगताश्छन्दांसि सप्तस्वरान् ।**
**तालान् पञ्चमहाध्वनीन् प्रकटयत्यात्मप्रसारेण यत्**
**तद्बीजं पदवाक्यमानजनकं श्रीमातृके ते परम् ।।**

*-सदानन्द ब्रह्मचारी*

# समर्पण

जन्मदात्री माँ मानकुँवर के श्रीचरणों में
जिन्होंने जन्म देकर जगज्जननी माँ के चरण पाने का सौभाग्य दिया ....



पूजनीया माता सौ. मानकुँवर देवी एवं पिता आयुर्वेदरत्न पं. विद्याधर अवस्थी जी

**स्वर्णतरणि माँ चरण तरण को भव वरुणालय,**
**निज अक्षय मणिद्वीप तिमिर जिससे मन का क्षय ।**
**कोटि स्वर्ग अपवर्ग मातृपद पर न्यौछावर,**
**जननी ही निज तीर्थ प्रकट जिससे तीर्थंकर ।।**

# विषयसूची


| क्र. | श्लोक | पृष्ठ | प्रयोग | पृष्ठ |
|---|---|---|---|---|
| १ | शिवःशक्त्या युक्तो० | २ | सर्वार्थसिद्धि | ३ |
| २ | तनीयांसं पाशुं० | ४ | कालभय निवारण | ५ |
| ३ | अविद्यानामकवस्तिगिर० | ६ | दारिद्र्य निवारण | ७ |
| ४ | त्वदन्यः पाणिभ्या० | ८ | सङ्कट निवारण | ९ |
| ५ | हरिस्त्वामाराध्य० | १० | सन्तान प्राप्ति | ११ |
| ६ | धनुः पौष्पं मौर्वी० | १२ | सन्तानप्राप्ति | १३ |
| ७ | क्वणत्काञ्चीदामा० | १४ | शत्रुविजय | १५ |
| ८ | सुधासिन्धोर्मध्ये० | १६ | कारागारनिवृत्ति | १७ |
| ९ | महीं मूलाधारे० | १८ | पंचभूत विजय | १९ |
| १० | सुधासिन्धोर्मध्ये० | २० | शरीर/वीर्य शुद्धि | २१ |
| ११ | चतुर्भिः श्रीकण्ठैः० | २२ | बन्ध्यातव निवृत्ति | २३ |
| १२ | त्वदीयं सौन्दर्यं० | २४ | कवित्वशक्ति प्राप्ति | २५ |
| १३ | नरं वर्षीयांसं० | २६ | वशीकरण | २७ |
| १४ | क्षितौ षट्पञ्चाशत्० | २८ | दुर्भिक्ष/रोग निवारण | २९ |
| १५ | शरज्ज्योत्स्ना शुभ्रां० | ३० | विद्या कवित्व प्राप्ति | ३१ |
| १६ | कवीन्द्राणां चेतः० | ३२ | कवित्व सिद्धि | ३३ |
| १७ | सवित्रीभिर्वाचां० | ३४ | सकलकलानैपुण्य | ३५ |
| १८ | तनुच्छायाभिस्ते० | ३६ | सर्ववशीकरण | ३७ |
| १९ | मुखं बिन्दुं कृत्वा० | ३८ | सर्वलोकवशीकरण | ३९ |
| २० | किरन्तीमंगेभ्यः० | ४० | रोगनिवारण | ४१ |
| २१ | तटिल्लेखातन्वीं० | ४२ | आत्मसाक्षात्कार | ४३ |
| २२ | भवानि त्वं दासे० | ४४ | सकलैश्वर्य प्राप्ति | ४५ |
| २३ | त्वया हृत्वा वामं० | ४६ | ऋणविमोचन | ४७ |
| २४ | जगत्सूते धाता० | ४८ | प्रेतबाधा निवारण | ४९ |
| २५ | त्रयाणां देवानां० | ५० | उच्चपदवीं प्राप्त | ५१ |
| २६ | विरञ्चिः पञ्चत्वं० | ५२ | शत्रुविजय | ५३ |
| २७ | जपो जल्पः शिल्पं० | ५४ | आत्मज्ञान | ५५ |

| क्र. | श्लोक | पृष्ठ | प्रयोग | पृष्ठ |
|---|---|---|---|---|
| २८ | सुधामप्यास्वाद्य० | ५६ | अपमृत्यु निवारण | ५७ |
| २९ | किरीटं वैरिञ्चं० | ५८ | सर्ववश्यकर | ५९ |
| ३० | स्वदेहोद्भूताभि० | ६० | अष्टसिद्धिकर | ६१ |
| ३१ | चतुष्षष्ट्या तन्त्रै० | ६२ | सर्वकामनापूरण | ६३ |
| ३२ | शिवः शक्तिः कामः० | ६४ | रसायन सिद्धिद | ६५ |
| ३३ | स्मरं योनिं लक्ष्मीं० | ६६ | भूरिधनद | ६७ |
| ३४ | शरीरं त्वं शम्भोः० | ६८ | विद्याबुद्धिद | ६९ |
| ३५ | मनस्त्वं व्योम त्वं० | ७० | क्षयरोग निवारक | ७१ |
| ३६ | तवाज्ञा चक्रस्थं० | ७२ | भीतिनिवारक | ७३ |
| ३७ | विशुद्धौ ते शुद्ध० | ७४ | ब्रह्मराक्षसबाधा निवारक | ७५ |
| ३८ | समुन्मीलत्संवित्० | ७६ | बालारिष्ट निवारक | ७७ |
| ३९ | तव स्वाधिष्ठाने० | ७८ | बाधा निवारक | ७९ |
| ४० | तटित्वन्त्रं शक्त्या० | ८० | अभीष्टलक्ष्मीदर्शक | ८१ |
| ४१ | तवाधारे मूले० | ८२ | उदरपीड़ा निवारक | ८३ |
| ४२ | गतैर्माणिक्यत्वं० | ८४ | महोदरव्याधिनाशक | ८५ |
| ४३ | धुनोतु ध्वान्तं० | ८६ | सर्वजनवशीकरण | ८७ |
| ४४ | तनोतु क्षेमं नः० | ८८ | कल्याणप्राप्तिकर | ८९ |
| ४५ | अरालैः स्वाभाव्याद्० | ९० | वाक्सिद्धिद | ९१ |
| ४६ | ललाटं लावण्य० | ९२ | गर्भधारण | ९३ |
| ४७ | भ्रुवौ भुग्ने किञ्चिद्० | ९४ | सर्वजनवशीकरण | ९५ |
| ४८ | अहस्सूते सव्यं० | ९६ | नवग्रहशान्तिद | ९७ |
| ४९ | विशाला कल्याणी० | ९८ | निधिदर्शक | ९९ |
| ५० | कवीनां सन्दर्भ | १०० | साध्यविद्वेषण | १०१ |
| ५१ | शिवे शृङ्गारार्द्रा० | १०२ | इष्टसिद्धिद | १०३ |
| ५२ | गते कर्णाभ्यर्णं० | १०४ | कर्ण/नेत्ररोगहर | १०५ |
| ५३ | विभक्तत्रैवर्ण्यं० | १०६ | ज्ञानप्राप्ति | १०७ |
| ५४ | पवित्रीकर्तुं न० | १०८ | पापमोचन | १०९ |
| ५५ | निमेषोन्मेषाभ्यां० | ११० | अण्डरोगनिवृत्ति | १११ |
| ५६ | तवापर्णे कर्णे० | ११२ | वृष्टिद | ११३ |
| ५७ | दृशा द्राघीयस्या० | ११४ | सकलसौभाग्यकर | ११५ |

| क्र. | श्लोक | पृष्ठ | प्रयोग | पृष्ठ |
|---|---|---|---|---|
| ५८ | अरालं ते पाली० | ११६ | साध्याकर्षण | ११७ |
| ५९ | स्फुरद्गण्डाभोगं० | ११८ | सर्वजनवशीकरण | ११९ |
| ६० | सरस्वत्यास्सूक्ती० | १२० | सकलविद्यासंप्राप्ति | १२१ |
| ६१ | असौनासावंशः० | १२२ | ऐश्वर्यप्राप्ति | १२३ |
| ६२ | प्रकृत्या रक्तायाः० | १२४ | सम्यक् निद्राप्राप्ति | १२५ |
| ६३ | स्मितज्योत्स्नाजालं | १२६ | सम्मोहन | १२७ |
| ६४ | अविश्रान्तं पत्युः | १२८ | वाक्सिद्धि | १२९ |
| ६५ | रणे जित्वा दैत्यान्० | १३० | सर्वविजयकर | १३१ |
| ६६ | विपञ्च्या गायन्ती० | १३२ | संगीत नैपुण्य | १३३ |
| ६७ | कराग्रेण स्पृष्टं० | १३४ | सकलस्त्रीवशीकरण | १३५ |
| ६८ | भुजाश्लेषान्नित्यं० | १३६ | लक्ष्मीप्राप्ति | १३७ |
| ६९ | गले रेखास्तिस्रो० | १३८ | संगीत सिद्धि | १३९ |
| ७० | मृणाली मृद्वीनां० | १४० | अपराध शान्ति | १४१ |
| ७१ | नखानामुद्योतै० | १४२ | यक्षिणीवशीकरण | १४३ |
| ७२ | समं देवि स्कन्द० | १४४ | रात्रिभय निवारण | १४५ |
| ७३ | अमू ते वक्षोजा० | १४६ | सन्तुष्टिदायक | १४७ |
| ७४ | वहत्यम्ब स्तम्बेः० | १४८ | कीर्तिदायक | १४९ |
| ७५ | तव स्तन्यं मन्ये० | १५० | कवित्वसिद्धि | १५१ |
| ७६ | हरक्रोधज्वाला० | १५२ | वैराग्यकर | १५३ |
| ७७ | यदेतत्कालिन्दी० | १५४ | राजवश्यकर | १५५ |
| ७८ | स्थिरो गङ्गावर्तः० | १५६ | स्त्रीमोहन | १५७ |
| ७९ | निसर्गक्षीणस्य० | १५८ | सम्मोहन | १५९ |
| ८० | कुचौ सद्यस्विद्यत्० | १६० | स्तम्भन | १६१ |
| ८१ | गुरुत्वं विस्तारं० | १६२ | अग्निस्तम्भन | १६३ |
| ८२ | करीन्द्राणां शुण्डान्० | १६४ | जलगमनसामर्थ्यकर | १६५ |
| ८३ | पराजेतुं रुद्रं० | १६६ | सैन्य स्तम्भन | १६७ |
| ८४ | श्रुतीनां मूर्धानो० | १६८ | परकाय प्रवेश | १६९ |
| ८५ | नमो वाकं ब्रूमो० | १७० | सौभाग्यवर्धन | १७१ |
| ८६ | मृषा कृत्वा गोत्र० | १७२ | विजयप्राप्ति | १७३ |
| ८७ | हिमानी हन्तव्यं० | १७४ | सर्ववशीकरण | १७५ |
| ८८ | पदं ते कीर्तीनां० | १७६ | सर्वमृगवशीकरण | १७७ |

| क्र. | श्लोक | पृष्ठ | प्रयोग | पृष्ठ |
|---|---|---|---|---|
| ८९ | नखैर्नाकस्त्रीणां० | १७८ | सर्वरोगनिवारण | १७९ |
| ९० | ददाने दीनेभ्यः० | १८० | दारिद्र्य निवारण | १८१ |
| ९१ | पदन्यासक्रीड़ा० | १८२ | धनभूमिलाभकर | १८३ |
| ९२ | गतास्ते मञ्चत्वं० | १८४ | शासनक्षमतावर्धक | १८५ |
| ९३ | अराला केशेषु० | १८६ | सकलमनोरथ साधक | १८७ |
| ९४ | कलङ्क कस्तूरी० | १८८ | इष्टसाधक | १८९ |
| ९५ | पुरारातेरन्तः | १९० | व्रणापकरण | १९१ |
| ९६ | कलत्रं वैधात्रं० | १९२ | विद्याप्राप्ति | १९३ |
| ९७ | गिरामाहुर्देवीं० | १९४ | शारीरिकदृढ़ताकारक | १९५ |
| ९८ | कदाकाले० | १९६ | सरस्वतीसिद्धिदायक | १९७ |
| ९९ | सरस्वत्या लक्ष्म्या० | १९८ | शौर्यवर्द्धक | १९९ |
| १०० | प्रदीप्तज्वालाभिः | २०० | सकलकार्यसाधक | २०१ |
| परिशिष्ट | सौन्दर्य लहरी का मूलपाठ | २०३ | से | २२६ तक |

# श्रीयन्त्रम्

चतुर्भिः शिवचक्रैश्च शक्तिचक्रैश्च पञ्चभिः।
नवचक्रैश्च संसिद्धं श्रीचक्रं शिवयोर्वपुः।।
सम्यक् शतं क्रतून् कृत्वा यत्फलं समवाप्नुयात्।
तत्फलं समवाप्नोति कृत्वा श्रीचक्रदर्शनम्।।

चार शिवचक्रों एवं पाँच शक्तिचक्रों ऐसे कुल नौ चक्रों से संसिद्ध श्रीचक्र शिव तथा शक्ति का साक्षात् स्वरूप है । जो फल विधिपूर्वक सौ यज्ञ करने से मिलता है, वह श्रीयन्त्र के दर्शन मात्र से प्राप्त हो जाता है ।

# अथ श्री
# सौन्दर्य-लहरी

भगवान् भाष्यकार श्रीमदादि शङ्कराचार्य-प्रणीत सौन्दर्यलहरी स्तोत्र-साहित्य में अत्यन्त उत्कृष्ट कृति मानी जाती है । वस्तुतः यह रचना स्तोत्र मात्र न होकर समस्त तन्त्रग्रन्थों का सार अथवा तन्त्रराज्य के भाण्डागार का अनावृत द्वार है । जहाँ इसके प्रत्येक श्लोकों में तान्त्रिक उपासना वर्णित है वहीं इनके द्वारा सामान्य साधकों के लिए विविध दुर्लभ प्रयोग भी सुलभ कराए गए हैं । निश्चय ही साधकगण इनका प्रयोग कर ऐहिकामुष्मिक कल्याण प्राप्त करेंगे ।

साधारणतया इस रचना के शतश्लोकों का प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक किया गया आवर्तन साधक को श्रीचक्राधिष्ठायिनी माता का कृपा पात्र बना देता है । साथ ही साधक के हृदय में महान् सुख, तेज का संचार होता है और वह तत्त्वज्ञान को उपलब्ध हो जाता है । 'शरीरं चिन्तयेदादौ निजं श्रीचक्ररूपकम्' के अनुसार अपने शरीर को ही श्रीचक्र मानकर मन्त्रयोग से कुण्डलिनी को जाग्रत किया जा सकता है ।

## Presenting Shri
# Saundarya-Lahari

Saundarya-Lahari written by Bhagwān Bhāśyakār Śrīmadādi Śaṅkarāchārya is an incomparable piece of writing in Stotra-Sahitya. Actually this piece of writing not only being a stotra is essence of tantra books or an open door to the treasure house of tantra rajya. In each Shloka the method of dedication to Tantrika Upāsanā has been very well ilustrated and well facilitated for the various rare usage of the Tantrika Upāsanā by the common followers. Definitely by using this Sādhanā the Sādhaka can reach his spiritual height.

Chanting of hundred shlokas of this description the Sādhaka gets the grace of "the Divine Mother." with that an enormus happiness and Divine power will prevail in the heart of the Sādhaka and thus he attains perfection. According to the description of this passage "Śarīrām chintayedādau nijam Śrīchakra rūpakam" one can presume his own human body as "Śrīchakra" and enlighten his "Kuṇḍalinī" by the Tantra Yoga.

For more knowledge about chakra-sadhana contact the illustrator or His Holiness Sankaracharya ji.

Editor.

**शिवः शक्त्या युक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुं**
**न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि ।**
**अतस्त्वामाराध्यां हरिहरविरिञ्चादिभिरपि**
**प्रणन्तुं स्तोतुं वा कथमकृतपुण्यः प्रभवति ॥1॥**

**पदयोजना**- हे भगवति ! शिवो देवः शक्त्या युक्तो भवति यदि, तदा प्रभवितुं शक्तः। एवं न चेत्, स्पन्दितुमपि कुशलो न खलु । हरिहरविरिञ्चादिभिरपि आराध्यां त्वाम् अकृतपुण्यः प्रणन्तुं स्तोतुं वा कथं प्रभवति?

---

भगवान् शिव शक्ति से युक्त होकर ही सृष्टि का संचालन करने में स्वयं को समर्थ पाते हैं । पराशक्ति भगवती त्रिपुरसुन्दरी राजराजेश्वरी से संयुक्त न हों, तो उनमें स्पन्दन संभव नहीं है । तब वे सृष्टि, स्थिति, संहार या संतुलन रखने में भी अपने आप को सामर्थ्यवान् नहीं पाते हैं। प्रकृति के बिना पुरुष मात्र कल्पना है । माँ ! जिनके अनेक जन्मजन्मान्तरों के पुण्य उदय हों वही ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर द्वारा पूजनीया आप श्री की स्तुति, पूजन, वन्दन करने का अधिकारी बन आपकी चरणधूलि प्राप्त कर सकता है ।।1।।

જો શિવજી શક્તિ સાથે યુક્ત થાય તો તે પ્રભુની સત્તાઓ અમલમાં મૂકી શકે. જો તેમ ન થાય (શિવ-શક્તિ એક ન થાય) તો મહાદેવ હાલવા ચાલવા પણ કુશળ નથી રહેતા. આથી હરિ, હર, બ્રહ્મા અને બીજા દેવોથી તમો દેવી ! આરાધન યોગ્ય છો. જેણે પુણ્યો પ્રાપ્ત નથી કર્યાં, તેઓ તમને પ્રણામ કરવા કે તમારી સ્તુતિ કરવા સમર્થ કેવી રીતે થઈ શકે ? (૧)

Paramesvara becomes capable of creating the Universe, only when united with Sakti (Thee), but otherwise (when not so joined with Thee), He is incapable of even a stir. How then could one, who has not acquired merit ( Punya-in this and previous births) worship Thee, or at least praise Thee, who is adored even by Vishnu, Siva, Brahma and others ? [1]

---

**विशेष**-इच्छा, ज्ञान और क्रिया इस तरह तीन तरह की शक्ति होती है । इस शक्ति से रहित शिव कुछ भी नहीं कर सकता । शिव हं वाच्य है और शक्ति सः वाच्य । इस तरह प्रस्तुत श्लोक से हंसः मन्त्र सिद्ध होता है जिसे उल्था करने पर सोऽहं रूप बनता है । ह और स हादिविद्या के प्रथम दो अक्षर हैं । इसलिए सौन्दर्यलहरी में प्रतिपाद्य आनन्दलहरी पद से श्रीविद्या का संकेत करते हैं । मंगलाचरण के रूप में निबद्ध प्रस्तुत श्लोक ह्सौः बीज मन्त्र का भी निरूपण करता है । **हकारेण बहिर्याति सकारेण विशेत्पुनः । हंसहंसेत्यमुं मन्त्रं जीवो जपति सर्वदा।** यही अजपा जप अथवा अजपा गायत्री है।स्वतः होने वाले इस जप का हेतु सहित ध्यान रखने से फल होता है ।

## सर्वार्थसिद्धिप्रयोग




प्रस्तुत यन्त्र को **स्थण्डिल** में **गेहूँ के आटे** से लिखकर **पूर्वाभिमुख** हो **१२ दिन** तक **प्रतिदिन १००० मन्त्र** का जाप करें । बीजाक्षर '**शिं**' (श्+इ) है । जप का दशांश हवन '**शिं स्वाहा**' से, हवन का दशांश मार्जन '**शिं मार्जयामि नमः**' से तथा मार्जन का दशांश तर्पण '**शिं तर्पयामि नमः**' से करें । तर्पण के पश्चात् १० बार मन्त्र का पाठ करें । फिर एक बार मन्त्र से पूर्णाहुति दें । **रक्तपुष्प, बिल्व, तिल, यव** तथा **घृत** हवनीय द्रव्य है । **त्रिमधु** (गुड़+केला+नारियल) का नैवेद्य विहित है ।

मतान्तर में स्वर्णपत्र में भी यन्त्रलेखन विधि है । अनुष्ठान के बाद यन्त्र को गले में धारण करें ॥१॥

### विनियोग

अस्यश्रीत्रिपुरसुन्दरीमहाविद्याशताक्षरीबीजमन्त्राणां 'शिवः शक्त्यायुक्तो यदि' इति प्रथममन्त्रस्य ईशानभैरवो ऋषिः। गायत्र्यनुष्टुप् छन्दसी। श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवता। शिं बीजं । ह्रीं शक्तिः। ॐ आं ह्रीं कीलकं । मम सर्वकामनापूर्त्यर्थे जपे विनियोगः।

### कराङ्गन्यासौ

ह्रां ..... अंगुष्ठाभ्यां नमः ..... हृदयाय नमः
ह्रीं ..... तर्जनीभ्यां स्वाहा ..... शिरसे स्वाहा
ह्रूँ ..... मध्यमाभ्यां वषट् ..... शिखायै वषट्
ह्रैं ..... अनामिकाभ्यां हुं ..... कवचाय हुम्
ह्रौं ..... कनिष्ठिकाभ्यां वौषट् ... नेत्रत्रयाय वौषट्
ह्रः ..... करतलकरपृष्ठाभ्यां फट् ..... अस्त्राय फट्

### ऋष्यादिन्यास

ईशान भैरवाय ऋषये नमः ..... शिरसि ।
गायत्र्यनुष्टुप् छन्दोभ्यां नमः ..... मुखे।
श्रीमहात्रिपुरसुन्दर्यै देवतायै नमः..... हृदि।
शिं बीजाय नमः ..... लिंगे।
ह्रीं शक्तये नमः ..... नाभौ।
ॐ आं ह्रीं कीलकाय नमः ..... पादयोः।
मम सर्वकामनापूर्त्यर्थे जपे विनियोगाय नमः अञ्जलौ सर्वाङ्गे।

### ध्यानम्

**चतुर्भुजां चकोराक्षीं चारुचन्दनचर्चितां। शुक्लवर्णां त्रिनयनां वरदां च शुचिस्मिताम् । रत्नालङ्कारभूषाढ्यां श्वेतमाल्योपशोभितां। देववृन्दैरभिवन्द्यां सेवितां मोक्षकांक्षिभिः । शकारं परमेशानि शृणु वर्णं शुचिस्मिते ! रक्तवर्णप्रभाकारं स्वयं परमकुण्डली । चतुर्वर्गप्रदं देवि! शकारं ब्रह्मविग्रहं । पञ्चदेवमयं वर्णं पञ्चप्राणात्मकं प्रिये ! । रत्नपञ्चतमोद्युक्तं त्रिकूटसहितं सदा । त्रिशक्तिसहितं वर्णं आत्मादितत्त्वसंयुतम् । इकारं परमानन्दं, सुगन्धं कुङ्कुमच्छविः। हरि-ब्रह्म-मयं वर्णं, सदाशिव-मयं प्रिये!। महा-शक्ति-मयं देवि! गुरु-ब्रह्म-मयं तथा। विश्व-त्रय-मयं वर्णं, पर-ब्रह्म-समन्वितं। ऊर्ध्वाधः कृब्जितामध्ये रेखा तत्सङ्गता भवेत्। लक्ष्मीर्वाणी तथेन्द्राणी क्रमात् तास्वेव संवसेत्। धूम्रवर्णां महारौद्रीं पीताम्बरयुतां पराम्। कामदां सिद्धिदां सौम्यां नित्योत्साहविवर्द्धिनीं। चतुर्भुजां च वरदां हरिचन्दन भूषिताम्।।**

### पञ्चोपचार पूजन

लं पृथिवी तत्वात्मिकायै ललिता देव्यै ..... गन्धं परिकल्पयामि ।
हं आकाश तत्वात्मिकायै ललिता देव्यै ..... पुष्पं परिकल्पयामि ।
यं वायु तत्वात्मिकायै ललिता देव्यै ..... धूपं परिकल्पयामि।
रं वह्नि तत्वात्मिकायै ललिता देव्यै ..... दीपं परिकल्पयामि ।
वं जल तत्वात्मिकायै ललिता देव्यै ..... नैवेद्यं परिकल्पयामि ।
सं सर्व तत्वात्मिकायै ललिता देव्यै ..... सर्वोपचारान् परिकल्पयामि ।

**तनीयांसं पांसुं तव चरणपङ्केरुहभवं**
**विरिञ्चिः संचिन्वन्विरचयति लोकानविकलम्।**
**वहत्येनं शौरिः कथमपि सहस्त्रेण शिरसां**
**हरः संक्षुद्यैनं भजति भसितोद्धूलनविधिम् ॥2॥**

हे भगवति! विरिञ्चिः तवचरणपङ्केरुहभवं तनीयांसं पांसुं संचिन्वन् लोकान् अविकलं विरचयति। हे भगवति! शौरिरेनं शिरसां सहस्त्रेण कथमपि वहति। हे भगवति! एनं संक्षुद्य (संक्षुभ्य)हरः भसितोद्धूलनविधिं भजति ।

---

माँ आपके कमल समान श्रीचरणों में लग्न सूक्ष्मातिसूक्ष्म रज की कृपा से ब्रह्मा निरन्तर विश्व की सृष्टि में तत्पर रहते हैं । विष्णु भगवान् स्वयं शेषावतार धारण कर अपने सहस्त्रों सिरों से आपकी चरण धूलि से उत्पन्न समस्त लोकों को सप्रयत्न धारण करते हैं । भगवान् भूतभावन शिव स्वयं तुम्हारी पदधूलि को सम्यक् रूप से भस्मीकृत कर अपने अङ्गों में लगा लेते हैं । इस तरह ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों मूर्ति पराशक्ति की आराधना कर कृतकृत्य हो जाते हैं ।।2।।

**નાની ચપટી જેટલી રજ તમારા ચરણકમલ પર હોય તો તે એકત્ર કરી બ્રહ્મા તેમાંથી સંપૂર્ણ જગત રચે છે. વિષ્ણુ ભગવાનનો શેષનાગ હજાર ફેણોથી મહાકષ્ટે તેને વહન કરી શકે છે. હર તે રજને સંક્ષુબ્ધ કરી તેને ભસ્મવિધિ પ્રમાણે પોતાના શરીરે લગાવે છે. (૨)**

Collecting microscopic particles of the dust falling from Thy lotus-feet, Brahma creates the worlds in regular order (intact), Vishnu (in the form of Adisesha) bears them somehow with great effort (might) though with thousand heads and Siva reducing the particles into ashes besmears his body with them (Vibhuti). [2]

---

**विशेष-** गति को क्रियात्मक रूप देने में चरण प्रमुख अवयव है । परमशक्ति की अद्भुत गति 'स्पन्दगति' विद्याऽविद्या रूप धारण करती है । उसकी गति एवं विक्षेप में अण्वणुओं की सृष्टि होकर उनसे सूर्य आदि बन जाया करते हैं । तदनन्तर भू आदि गोलकग्रहों की सृष्टि होती है तथा उनमें वर्तमान दृश्य तथ्यों का निर्माण होकर विश्वजीवनसृष्टि प्रारम्भ होती है ।

इस विश्वजीवनसृष्टि के निर्माण हेतु अण्वणु सदा बनते एवं बिगडते रहते हैं । विरिञ्चि अर्थात् ब्रह्मा को उसके सर्जन अथवा संहार में कोई परिश्रम नहीं करना पडता । यह सभी लोक सौर महाशक्ति के गुरुत्वाकर्षण में अधर में लटकते हुए भ्रमण करते हुए सूर्य की प्रदक्षिणा करते हैं । इस प्रकार श्रीसौर शक्ति भूसहित सम्पूर्ण ग्रहमण्डल को सहस्त्रों हाथों से धारण करती हुई स्वयं गति युक्ता है तथा इस बृहत् सृष्टि में लय होते हुए अणुओं की अण्वणुभस्म को धारण करते हुए उन अण्वणुओं में पुनः जीवगति प्रदान करते हैं । यही महाशिव का मृत्युंजय योग है ।

## कालभयनिवारण प्रयोग




प्रस्तुत यन्त्र को **स्वर्णपत्र** में **चन्दन** से लिखकर **उत्तराभिमुख** हो **५५ दिन** तक प्रतिदिन**१ ० ० ०** मन्त्र का जाप करें । बीजाक्षर '**तं**' है । जप का दशांश हवन '**तं स्वाहा**' से, हवन का दशांश मार्जन '**तं मार्जयामि नमः**' से तथा मार्जन का दशांश तर्पण '**तं तर्पयामि नमः**' से करें । तर्पण के पश्चात् १०० बार मन्त्र का पाठ करें । फिर एक बार मन्त्र से पूर्णाहुति दें । **रक्तपुष्प, बिल्व, तिल, यव** तथा **घृत** हवनीय द्रव्य है । **क्षीर** तथा **पायस** का नैवेद्य विहित है ।

इस यन्त्र के प्रयोग से **सर्वलोक वश्यता** एवं **प्रकृति विजय** की प्राप्ति होती है ॥२॥

**विनियोग**

अस्य श्रीत्रिपुरसुन्दरी महाविद्याशताक्षरी बीजमन्त्राणां 'तनीयांसं पांशुं तव' इति द्वितीयमन्त्रस्य ईशान भैरवो ऋषिः। गायत्र्यनुष्टुप् छन्दसी। श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवता। तं बीजं । ह्रीं शक्तिः। ॐ आं ह्रीं कीलकम् । मम सर्वकामनापूर्त्यर्थे जपे विनियोगः।

**कराङ्गन्यासौ**

ह्रां ..... अंगुष्ठाभ्यां नमः ..... हृदयाय नमः
ह्रीं ..... तर्जनीभ्यां स्वाहा ..... शिरसे स्वाहा
ह्रूँ ..... मध्यमाभ्यां वषट् ..... शिखायै वषट्
ह्रैं ..... अनामिकाभ्यां हुं ..... कवचाय हुम्
ह्रौं ..... कनिष्ठिकाभ्यां वौषट् ... नेत्रत्रयाय वौषट्
ह्रः ..... करतलकरपृष्ठाभ्यां फट् ..... अस्त्राय फट्

**ऋष्यादिन्यास**

ईशान भैरवाय ऋषये नमः ..... शिरसि ।
गायत्र्यनुष्टुप् छन्दोभ्यां नमः ..... मुखे।
श्रीमहात्रिपुरसुन्दर्यै देवतायै नमः..... हृदि।
तं बीजाय नमः ..... लिंगे।
ह्रीं शक्तये नमः ..... नाभौ।
ॐ आं ह्रीं कीलकाय नमः ..... पादयोः।
मम सर्वकामनापूर्त्यर्थे जपे विनियोगाय नमः अञ्जलौ सर्वाङ्गे।

**ध्यानम्**

**चतुर्भुजां महाशान्तां महामोक्षप्रदायिनीं ।**
**सदा षोडशवर्षीयां रक्ताम्बरधरां पराम् ।।**
**नानालङ्कारभूषां तां सर्वसिद्धिप्रदायिनीं ।**
**एवं ध्यात्वा तकारं तु मन्त्ररूपं सदा यजेत् ।।**
**तकारं चञ्चलापाङ्गि स्वयं परमकुण्डली ।**
**पञ्चदेवात्मकं वर्णं पञ्चप्राणात्मकं तथा ।।**
**त्रिशक्तिसहितं वर्णं आत्मादितत्वसंयुतम् ।**
**त्रिबिन्दुसहितं वर्णं पीतविद्युत्समप्रभम् ।।**

**पञ्चोपचार पूजन**

लं पृथिवी तत्वात्मिकायै ललिता देव्यै
..... गन्धं परिकल्पयामि ।
हं आकाश तत्वात्मिकायै ललिता देव्यै
..... पुष्पं परिकल्पयामि ।
यं वायु तत्वात्मिकायै ललिता देव्यै
..... धूपं परिकल्पयामि।
रं वह्नि तत्वात्मिकायै ललिता देव्यै
..... दीपं परिकल्पयामि ।
वं जल तत्वात्मिकायै ललिता देव्यै
..... नैवेद्यं परिकल्पयामि ।
सं सर्व तत्वात्मिकायै ललिता देव्यै
..... सर्वोपचारान् परिकल्पयामि ।

**अविद्यानामन्तस्तिमिरमिहिरद्वीपनगरी**
**जडानां चैतन्यस्तबकमकरन्दस्रुतिझरी ।**
**दरिद्राणां चिन्तामणिगुणनिका जन्मजलधौ**
**निमग्नानां दंष्ट्रा मुररिपुवराहस्य भवति ॥3॥**

हे भगवति! तव पादाब्जरेणुः एषः अविद्यानां अन्तस्तिमिरमिहिरद्वीपनगरी, जडानां चैतन्यस्तबकमकरन्द-स्रुतिझरी, दरिद्राणां चिन्तामणिगुणनिका, जन्मजलधौ निमग्नानां मुररिपुवराहस्य दंष्ट्रा भवति ।

---

अज्ञानरूपी,अन्धकार को नष्ट करने वाली मणिद्वीप नगरी का प्रताप वस्तुतः आपके चरणों की धूलि का ही प्रताप है । अज्ञानियों के लिए आत्मज्ञानरूपी वाञ्छितफल प्रदान करने वाला कल्पवृक्ष के पुण्यों से निकलने वाला पराग, अर्थहीन दरिद्रियों के लिए सकल सम्पत्तियों का स्वामी बनाने वाली चिन्तामणि, आपका ही कृपा प्रसाद है । जैसे भवसागर में डूबे हुये जीवों के लिए भगवान् विष्णु के अवतार वाराह मूर्ति के दो दंत ।।3।।

**અજ્ઞાનિઓ માટે તમે અંતરનો અંધકાર દૂર કરનાર સૂર્યની દ્વીપ નગરી છો. જેઓ મનથી જડ છે તેમને માટે બુદ્ધિના ગુચ્છોમાંથી વહેતી અમૃતની ઝરણી જેવી તમે છો. ગરીબો માટે ચિંતામણીની માળા છો. જે જન્મના મહાસાગરમાં ડૂબ્યા છે તેમને માટે ભગવાન વિષ્ણુના, વરાહ અવતારની દંષ્ટ્રા જેવી તમો તેમાંથી ઉગારનાર માતા છો. (૩)**

The particles of dust of Thy Lotus feet serve to remove the inner darkness of the ignorant (those who have not attained Tatva-jnana or divine knowledge). In other words, the dust is the sun that dispels the inner darkness of the ignorant or the worldly-minded. The speck of the dust is a flood of fragrance emanating from the bunch of flowers of the Kalpaka tree of chaitanya or clear consciousness, awakening the unknowing or dull-witted. To those in the grip of chill penury, (the dust particles) are a string of gems of the Cintamani variety. And to those drowned in the ocean of earthly existence (Samsara- the ocean of births and deaths) that dust becomes the tusk of the wild boar of Muraripu i.e. Vishnu who incarnated as Varaha. [3]

---

**विशेष**-विद्या के दो भेद हैं- अविद्या और विद्या । इन्हीं को परा और अपरा कहा जाता हैं। चारों वेद, छहों वेदाङ्ग, यह अपरा विद्या है और जिस विद्या से ब्रह्म की प्राप्ति होती है उसे परा विद्या कहा जाता है । इसीलिए मात्र वेद-शास्त्रों का ज्ञान रखने वाले को विद्वान् नहीं कहा जाता। प्रत्युत इसका परित्याग कर ही ब्रह्मजिज्ञासु मुमुक्षु परा विद्या का अधिकारी बनता है ।

मुररिपुवराहस्य अर्थात् मुर नामक दैत्य के रिपु विष्णु और उनका नाम से प्रसिद्ध वराह अवतार, उसके द्वारा यथा पृथ्वी उबारी गई तथैव संसारसागर से उबारने वाली आप है।

## दारिद्र्यनिवारणप्रयोग




प्रस्तुत यन्त्र को **स्वर्णपत्र** में **चन्दन** से लिखकर **ईशानाभिमुख** हो **१५ दिन** तक **प्रतिदिन १००० मन्त्र** का जाप करें । बीजाक्षर '**अं**' है । जप का दशांश हवन '**अं स्वाहा**' से, हवन का दशांश मार्जन '**अं मार्जयामि नमः**' से तथा मार्जन का दशांश तर्पण '**अं तर्पयामि नमः**' से करें । तर्पण के पश्चात १० बार मन्त्र का पाठ करें । फिर एक बार मन्त्र से पूर्णाहुति दें । **रक्तपुष्प, बिल्व, तिल, यव** तथा **घृत** हवनीय द्रव्य है । **उड़द के पुए** का नैवेद्य विहित है ।

इस यन्त्र के प्रयोग से **सर्वैश्वर्य** एवं **सर्वविद्या** की प्राप्ति होती है तथा दारिद्र्य दूर होता है ॥३॥

### विनियोग

अस्य श्रीत्रिपुरसुन्दरीमहाविद्याशताक्षरीबीजमन्त्राणां 'अविद्यानामन्तस्तिमिर' इति तृतीयमन्त्रस्य ईशान भैरवो ऋषिः। गायत्र्यनुष्टुप् छन्दसी। श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवता। अं बीजं । ह्रीं शक्तिः। ॐ आं ह्रीं कीलकम् । मम सर्वकामनापूर्त्यर्थे जपे विनियोगः।

### कराङ्गन्यासौ

ह्रां ..... अंगुष्ठाभ्यां नमः .... हृदयाय नमः।
ह्रीं ..... तर्जनीभ्यां स्वाहा .... शिरसे स्वाहा।
ह्रूँ ..... मध्यमाभ्यां वषट् ... शिखायै वषट्।
ह्रैं ..... अनामिकाभ्यां हुं ..... कवचाय हुम्।
ह्रौं ..... कनिष्ठिकाभ्यां वौषट् . नेत्रत्रयाय वौषट्।
ह्रः ..... करतलकरपृष्ठाभ्यां फट् ..... अस्त्राय फट्।

### ध्यानम्

**केतकीपुष्पगर्भाभां द्विभुजां हंसलोचनाम् ।**
**शुक्लपट्टाम्बरधरां पद्ममालाविभूषिताम् ।**
**चतुर्वर्गप्रदां नित्यमानन्दमयीं पराम् ।**
**वराभयकरां देवीं नागपाशसमन्विताम् ।**
**शृणुतत्वमकारस्य अतिगोप्यं वरानने ।**
**शरच्चन्द्रप्रतीकाशं पञ्चकोणमयं सदा ।**
**पञ्चदेवमयं वर्णं शक्तिद्वय समन्वितम् ।**
**निर्गुणं सगुणोपेतं स्वयं कैवल्यमूर्तिमान् ।**
**बिन्दुद्वयमयं वर्णं स्वयं प्रकृतिरूपिणी ।**

### ऋष्यादिन्यास

ईशान भैरवाय ऋषये नमः ..... शिरसि ।
गायत्र्यनुष्टुप् छन्दोभ्यां नमः ..... मुखे।
श्रीमहात्रिपुरसुन्दर्यै देवतायै नमः..... हृदि।
अं बीजाय नमः ..... लिंगे।
ह्रीं शक्तये नमः ..... नाभौ।
ॐ आं ह्रीं कीलकाय नमः ..... पादयोः।
मम सर्वकामनापूर्त्यर्थे जपे विनियोगाय नमः अञ्जलौ सर्वाङ्गे।

### पञ्चोपचार पूजन

लं पृथिवीतत्वात्मिकायै ललितादेव्यै
..... गन्धं परिकल्पयामि ।
हं आकाशतत्वात्मिकायै ललितादेव्यै
..... पुष्पं परिकल्पयामि ।
यं वायुतत्वात्मिकायै ललितादेव्यै
..... धूपं परिकल्पयामि ।
रं वह्नितत्वात्मिकायै ललितादेव्यै
..... दीपं परिकल्पयामि ।
वं जलतत्वात्मिकायै ललितादेव्यै
..... नैवेद्यं परिकल्पयामि ।
सं सर्वतत्वात्मिकायै ललितादेव्यै
..... सर्वोपचारान् परिकल्पयामि ।

**त्वदन्यः पाणिभ्यामभयवरदो दैवतगण-**
**स्त्वमेका नैवासि प्रकटितवराभीत्यभिनया ।**
**भयात्त्रातुं दातुं फलमपि च वाञ्छासमधिकं**
**शरण्ये लोकानां तव हि चरणावेव निपुणौ ॥4॥**

हे भगवति ! लोकानां शरण्ये, त्वदन्यो दैवतगणः पाणिभ्यामभयवरदः । एका त्वं पाणिभ्यां प्रकटितवराभीत्यभिनया नैवासि हि इति संचिन्त्य तव चरणावेव भयात्त्रातुं वाञ्छासमधिकं फलमपि च दातुं निपुणौ ।

---

समस्त जगत् के आश्रय शरणालय आपके चरण हैं । माँ अन्य सभी देवगण अभय या वरमुद्रा प्रदर्शित कर भक्तों को क्रमशः भयमुक्त एवं सर्वसम्पदाओं की पूर्ति का संकेत देते हैं । केवल एक आप ही हैं जो अभयमुद्रा या आवश्यकतापूर्ति की वरमुद्रा का प्रदर्शन (अभिनय) नहीं करती हो। क्योंकि आपके चरण ही वह सामर्थ्य रखते है जिससे आपके आश्रित भक्तजनों की जन्म-मरण रूपी भवसागर के भय से मुक्ति तथा वांछित अनुकूल सम्पदाओं की पूर्ति हो जाती है ।।4।।

**તમારા સિવાય અન્ય દેવગણ ભયમુક્તિ તથા વરદાન તેમના હાથ વડે આપે છે. તમે એક જ એવાં છો કે તમે વરદાન અને રક્ષણ આપવાનો અભિનય કરતાં નથી. ભયમાંથી મુક્તિ અને ઇચ્છીએ તેથી અધિક હોય તેવું ફલ આપવા માત્ર તમારા બે ચરણ પૂરતા છે, અને તે લોકો માટે અનન્ય શરણું છે. (૪)**

